संक्षिप्त

स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 27 को

पाटन, (निसं)। निकटवर्ती ग्राम पंचायत डाबला मे स्थित सेठ नाथूराम अग्रवाल महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यमिक स्कूल में टानिया चौधरी पुत्री अजीत चौधरी की चतुर्थ पुण्यतिथि पर टानिया ह्यूमन हेल्थ एंड एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी द्वारा 27 नवंबर को स्वैच्छिक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। अजीत चौधरी डाबला ने जानकारी देते हुए बताया कि रक्तदान शिविर 9 बजे से 3 बजे तक रहेगा, जिसमें एस एम एस अस्पताल जयपुर व जनहित ब्लड सेंटर अजमेर रोड जयपुर की टीम द्वारा रक्त का संग्रहण किया जाएगा।

व्याख्यान आयोजित

पाटन, (निसं)। राजकीय कमला मोदी महाविद्यालय नीमकाथाना में राजस्थान राज्य महिला प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में महिलाओं पर होने वाले हिंसात्मक अत्याचार विषय पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के राजनीति विभाग के डॉ. अजीत, सह आचार्य प्रमुख वक्ता रहे। इन्होंने घरेलू हिंसा, प्रतिवादी, घरेलू नातेदारी, व्यथित महिला, महिला के शारीरिक, मानसिक, आर्थिक उत्पीड़न के बारे में विस्तार से बताया। इससे संबंधित कई तरह के कानून तथा सरकार के कर्तव्यों व सजा से भी परिचित करवाया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संदेश गौतम ने किया। इस अवसर समस्त स्टॉफ व छात्राएँ उपस्थित रही।

संगोष्ठी का आयोजन

सीकर । जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा संविधान दिवस 26 नवम्बर 2024 पर मंगलवार को प्रातः 11 बजे जिला सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय (सूचना केन्द्र)कलेक्ट्रेट परिसर सीकर में जिला स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। सहायक निदेशक जनसम्पर्क पूरण मल ने बताया कि प्रदर्शनी में भारत का संविधान उद्देशिका, संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित करने को फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से दिग्दर्शित किया गया है। उन्होंने बताया कि संविधान दिवस पर प्रातः 11.30 बजे सूचना केन्द्र वाचनालय में भारत का संविधान विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। संगोष्ठी में शहर के प्रबुद्धजन,साहित्यकार, शिक्षाविद , विधि अधिवक्ता अपने विचार व्यक्त करेंगे।

प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी आयोजित

झुंझुनूं,(निसं)। संविधान दिवस पर जिला प्रशासन और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न आयोजन मंगलवार को किए जाएंगे। जिला जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह ने बताया कि गांधी चौक स्थित जिला पुस्तकालय में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी का कार्यक्रम सुबह 11.30 बजे आयोजित किया जाएगा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलक्टर अजय कुमार आर्य होंगे।

पिता को बेटी से मिलाया

नोखा, (कासं)। बिछड़े हुए का अपनों से मिलन के क्रम में एक और प्रभुजी का मिलन अपना घर आश्रम नोखा द्वारा बेटी से कराया। किरण झंवर ने बताया कि अपना घर आश्रम नोखा द्वारा गोवर्धन प्रभुजी को नागौर से रेस्क्यू करके अपना घर आश्रम नोखा में भर्ती किया। भर्ती के समय प्रभुजी अपना नाम गोवर्धन नागौर बता रहे थे। आश्रम में काउंसलिंग के दौरान प्रभु जी ने अपने घर का नागौर पता किया तो बेटी का फोन नंबर मिला। बेटी से बात किया तो बेटी ने बताया मैं कल ही आश्रम आ रही हूं और मैं पिताजी को लेकर के साथ में जाऊंगी।

दिन में भी ठंड का अहसास

श्रीगंगानगर, (कासं)। श्रीगंगानगर क्षेत्र में रंग बदलते मौसम का मिजाज एक बार फिर से बदला नजर आया। दिन का तापमान गत दिवस 30 डिग्री सेल्सियस से गिरकर 28 डिग्री सेल्सियस आ गया। हालांकि दिन में धूप खिली रही लेकिन ठंडी हवाएं चलने से हल्की ठंड का प्रभाव बना रहा। जयपुर के मौसम वैज्ञानिकों ने आगामी दो तीन दिन ऐसा ही मौसम बना रहने की संभावना व्यक्त की है। क्षेत्र में सुबह सूर्योदय के साथ ही हल्की ठंडी हवाएं चलनी शुरू हो गई। दोपहर 12 बजे तक ऐसी ही स्थिति बनी रही। इसके बाद हवाओं की रफ्तार धीमी होने के साथ ही थोड़ी देर के लिए मौसम सुहावना हो गया।

सड़कों पर अतिक्रमण के कारण शहर में बनी जाम की स्थिति

झुंझुनूं,(निसं)। नगर परिषद् आयुक्त के निर्देशन में झुंझुनूं शहर में टीम की ओर से सोमवार को अतिक्रमण हटाया गया। नगर परिषद की टीम ने शहीद जे.पी. जानू स्कूल से गुढा मोड तक व गुढा मोड से रोड न. 03 गोलाई मोड तक सडक के दोनों तरफ दुकानदारों और सब्जी ठेले वालों की ओर से दुकानों के बाहर से कई दूरी तक लगा रखे तख्त, लकडी की बेंच, तिरपाल आदि सामान को हटवाया। कार्रवाई के दौरान कई दुकानदारों ने टीम को देखकर बाहर रखा सामान अंदर रख लिया। अधिषाषी अभियन्ता वेदपाल गोदारा ने बताया कि रेगुलर एक्टिविटी के तहत कार्रवाई की गई है और शहीद जे.पी. जानू स्कूल से गुढा मोड तक व गुढा मोड से रोड न. 03 गोलाई मोड तक सडक के दोनों तरफ अतिक्रमण को हटाया है। इसके साथ ही दुकानदारों को

नगर परिषद की टीम ने कार्यवाही कर शहर से अतिक्रमण हटाया ।

दोबारा अतिक्रमण नहीं करने हिदायत दी है व दोबारा अतिक्रमण करने पर जुर्माना वसूल करने की चेतावनी भी दी गई। शहीद जे.पी. जानू स्कूल से गुढा मोड तक व गुढा मोड से रोड न. 03 गोलाई मोड तक सडक के दोनों तरफ दुकानदारों और रेहडी ठेले वालों की ओर से अतिक्रमण के कारण जाम की स्थिति रहती है जिससे कई बार लंबा जाम लग जाता है।

इससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड रहा था। रोड पर

- **झुंझुनूं नगर परिषद की टीम ने कार्यवाही कर शहर से अतिक्रमण हटाया**

अस्त-व्यस्त रूप से खडे गये वाहनों द्वारा आवागमन को बाधित किये जाने के संबंध में जिला पुलिस अधीक्षक को इनके विरूद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु लिखा जा रहा है। कार्रवाई के दौरान वेदपाल गोदारा अधिषाषी अभियन्ता, नेहा चौधरी राजस्व अधिकारी, अमित महमिया अति. प्रशासनिक अधिकारी, राजीव जानू मुख्य स्वच्छता निरीक्षक, बाबूलाल चन्देल स्वच्छता निरीक्षक, संदीप कार्यवाहक स्वच्छता निरीक्षक, नितेश कार्यवाहक स्वच्छता निरीक्षक सहित नगर परिषद के अन्य कर्मचारी मौजूद रहें।

संविधान दिवस पर मतदाता शपथ होगी

सीकर। मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार संविधान दिवस के अवसर पर स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत जिले के समस्त राजकीय व निजी माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यालयों में प्रार्थना सभा के दौरान मतदाता शपथ दिलवाई जायेगी।जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार 26 नवम्बर 2024 को संविधान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाना है। इस दिन जिले के समस्त राजकीय व निजी माध्यमिक, उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यालयों में नामांकित विद्यार्थियों, भावी मतदाताओं को स्वीप के अंतर्गत संवैधानिक वोट देने के अधिकार के बारे में जागरूक किया जायेगा। शिक्षण संस्थाओं में प्रार्थना सभा के दौरान विद्यार्थियों द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मतदाता शपथ लिया जाना एवं मानविकी विषय के अध्यापक के माध्यम से भावी मतदाताओं को उनके वोट के संवैधानिक अधिकार, वोट के महत्व एवं नैतिक मतदान के बारे में जागरूक किया जायेगा।

'शुचिता और मूल्यों की राजनीति के पक्षधर थे आर्य'

चूरू, (का.सं.)। चूरू जिले पहले जिला प्रमुख और पांच बार विधायक रहे रावतराम आर्य की चौथी पुण्य तिथि पर जिला मुख्यालय स्थित आदर्श छात्रावास में एक कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बेटी बचाओए बेटी पढ़ाओ अभियान में आमजन को जागरुक करने पर बल

इस मौके पर मौजूद लोगों ने श्रद्धा के साथ आर्य को याद किया और उनके व्यक्तित्व.कृतित्व पर चर्चा की। इस मौके पर अध्यक्षता करते हुए कानाराम मेघवाल ने कहा कि वह भारत की राजनीति का सुनहरा दौर था। जब सादगी और साफगोई राजनेताओं का आभूषण हुआ करती थी। रावतराम आर्य ने बार.बार विभिन्न पदों पर निर्वाचन के बावजूद किसी प्रकार के अहंकार को अपने पास नहीं फटकने दिया और सहज.सरल जीवन जीते हुए जनता के हित को हमेशा तरजीह दी।पूर्व जिला परिषद सदस्य

चूरू जिले के पहले जिला प्रमुख रहे रावतराम आर्य को चौथी पुण्य तिथि पर उन्हें याद कर दी श्रद्धांजलि।

मोहन लाल आर्य ने कहा कि उनके पिता रावतराम आर्य का जीवन सभी के लिए आदर्श और प्रेरणादायी है। आज के सार्वजनिक जीवन में इतनी शुचिता, पारदर्शिता और ईमानदारी की कल्पना भी करना बेमानी है। उन्होंने रावतराम आर्य के जीवन से जुड़े विभिन्न संस्मरणों पर चर्चा की।भाजपा नेता नरेंद्र काछवाल ने कहा कि हमें रावतराम आर्य जैसे महापुरुषों के पदचिन्हों पर चलने की

- **चूरू जिले के पहले जिला प्रमुख और पांच बार विधायक रहे रावतराम आर्य को चौथी पुण्य तिथि पर याद कर दी श्रद्धांजलि**

कोशिश करनी चाहिए। उनका जीवन बताता है कि कैसे हम अपनी आवश्यकताओं को सीमित रखते हुए दूसरे लोगों के जीवन को बेहतर बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि रावतराम आर्य ने सादगी और ईमानदारी से भरा जो जीवन जियाए वह एक मिसाल है।

इस दौरान इंजीनियर रवि आय, धर्मेंद्र श्योराण, नीरज जांगिड़, सुभाष जांगिड़, एडवोकेट श्रीकृष्ण कड़वा, महेंद्र रूलानिया सहित बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने आर्य को पुष्पांजलि अर्पित की।

पावर फिट जिम बसंत विहार में आयोजित रक्तदान शिविर

सीकर, (निसं)। पावरफिट जिम, वसंत विहार ने उमंग फाउंडेशन के सहयोग से एक सफल रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें 30 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस शिविर का उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और ज़रूरतमंदों की सहायता करना था। शिविर में पावरफिट जिम के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और एकत्रित रक्त को ज़रूरतमंद रोगियों के लिए उपयोग किया जाएगा।

पावरफिट जिम्स इंडिया के , अभिषेक तिवारी ने इस अवसर पर कहा, पावरफिट जिम्स हमेशा समाज की भलाई के लिए समर्पित रहा है। हम फिटनेस के माध्यम से न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को बढ़ावा देना चाहते हैं, बल्कि समाज सामूहिक जागरूकता भी फैलाना चाहते हैं। यह बल्ड कैंप उसी दिशा में एक कदम था"

पावरफिट जिम, वसंत विहार के डायरेक्टर, दीपक जोया ने रक्तदान शिविर की सभी तैयारियों का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा, इस आयोजन की सफलता का श्रेय पावरफिट जिम के

- **शिविर का उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और ज़रूरतमंदों की सहायता करना था**

समर्पित सदस्यों को जाता है, जिन्होंने अपनी उत्साह और समर्थन से इसे संभव बनाया। इस प्रकार की पहल हमें हमारी जिम्मेदारियों का एहसास कराती है और समाज के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और भी मजबूत बनाती है।

जोया ने बताया कि अरुण तिवारी चेयरमैन, सनराइज सिटी ग्रुप जिन्होंने 59 वर्ष की आयु में सबसे पहले रक्तदान किया और इस आयोजन का नेतृत्व किया।

रक्तदान में अभिषेक वर्मा, दीपक मीणा, कुशवंत सिंह, प्रवीण मारवाल, तरुण, कपिल, सोहैल अहमद समेत अन्य पावरफिट सदस्यों ने भाग लिया।

शिविर में शामिल सभी रक्तदाताओं को विशेष प्रशंसा दी गई और उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।शिविर के दौरान सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन किया गया। रक्तदान के लिए उचित स्वच्छता व्यवस्था , और सभी रक्तदाताओं की मेडिकल जांच की गई। यह सुनिश्चित किया गया कि रक्तदान सुरक्षित और सटीक रूप से हो ताकि स्वास्थ्य संबंधी कोई भी समस्या उत्पन्न न हो।

पावरफिट जिम्स इंडिया का मानना है कि इस प्रकार की गतिविधियाँ समाज में स्वास्थ्य और सामुदायिक सेवा के महत्व को बढ़ाती हैं। इस आयोजन ने यह साबित किया कि पावरफिट जिम न केवल शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देता है, बल्कि समाज की भलाई के लिए भी समर्पित है।

पावरफिट जिम्स आने वाले समय में भी इस प्रकार की सामुदायिक सेवाओं का आयोजन करता रहेगा। अभिषेक तिवारी ने बताया कि जिम की योजना है कि प्रत्येक वर्ष इसी प्रकार के सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं ताकि अधिक से अधिक लोग स्वास्थ्य और फिटनेस के महत्व को समझ सकें।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान में आमजन को जागरुक करने पर बल

चूरू, (का.सं.)। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार एसडीएम बिजेंद्र सिंह ने सोमवार को पंचायत समिति में आयोजित बैठकों में आवश्यक सेवाओं तथा विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुये बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान में आमजन को जागम्क करने पर जोर दिया।इस दौरान आयोजित ब्लॉक टास्क फोर्स व महिला समाधान समिति की बैठक में इन्दिरा महिला शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना में 26 ऋण स्वीकृत किए गए तथा 24 सब्सिडी जारी की गई। साथ ही सखी केन्द्र में कुल केस 163 प्रकरणों में से 161 का निस्तारण किया गया। महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र में आए समस्त 644 प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

शिक्षा सेतु में 103 आवेदन किये गए। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजना के अन्तर्गत ब0ॉक स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम पर चर्चा की गई तथा कन्या वाटिका व बाल विवाह रोकथाम कार्यक्रम आदि पर विचार,विमर्श किया गया।अभिसरण समिति, बेटी बचाओ बेटी पढाओ एवं महिला समाधान समिति तथा निगरानी समिति की बैठक में नवीन स्वीकृत 3 आंगनबाडी केन्द्रों. खासोलीपंचम, कोटवाद ताल.द्वितीय एवं जासासर.तृतीय के भवन हेतु निशुल्क भूमि पट्टा जारी करवाने, आंगनबाडी केन्द्र रामपुरा बास के आगे रास्ते पर गंदा पानी एकत्र होने, आंगनबाडी केन्द्र सहजुसर प्रथम की चार दिवारी गिरने सहित विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया।बॉक निष्पादन समिति की बैठक में बैठक में आपार आईडीए परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण युवा महोत्सव 2024 बॉक रैंकिंग, ज्ञान संकल्प पोर्टल पर राशि डोनेशन, खेल मैदानों पर हुये अतिक्रमण हटाने, पालनहार, भूमि विहीन व पट्टा विहीन खेल विहीन विद्यालयों, आईएफए टैबलेट आदि एजेंडों पर विचार किया गया।

बैठक को सम्बोधित करते हुए उपखण्ड अधिकारी ने कहा कि इन सब बिंदुओं को तय समय पर पूरा करें और किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतें। बैठक में तहसीलदार अशोक गोरा ने राजकीय विद्यालयों में खेल मैदान, भूमि विहीन, पट्टा विहीन स्थानों को लेकर जानकारी दी।

सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें: कलेक्टर

पाटन, (निसं)। जिला कलेक्टर शरद मेहरा की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट नीमकाथाना के सभागार में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिला कलेक्टर ने बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों को सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों का निस्तारण करने के निर्देश दिये । उन्होंने बजट घोषणाओं का त्वरित क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने, अधीक्षण अभियन्ता जलदाय विभाग को पेयजल के समुचित प्रबंध रखते हुए पानी के लिकेज दुरस्त करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने कृषि विभाग को किसानों के लिए गुणवत्तापूर्ण खाद व बीज की उपलब्धता रखने के बारे में निर्देशित किया। उन्होंने राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर जिला स्तर पर 12 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक आयोजित

जिला कलेक्ट्रेट नीमकाथाना के सभागार में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

होने वाले जिला स्तरीय प्रदर्शनी, जिला दर्शन पुस्तिका विमोचन, महिला सम्मेलन,युवा सम्मेलन, किसान सम्मेलन सहित विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे, जिसके संबंध में समस्त जिला स्तरीय अधिकारी अपेक्षित कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। जिला कलेक्टर ने वन विभाग चारागाह भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को मुक्त करवाकर उसमें पौधारोपण कर एवं चारागाह के रूप में विकसित करें। जिला शिक्षा अधिकारी को अपार रजिस्ट्रेशन में ब्लॉकवार रिपोर्ट तैयार कर कम प्रगतिशील ब्लॉक में प्रगति लाने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सरकारी हॉस्टलों में हेल्थ शिविर लगाकर बच्चों का चेकअप करने तथा भोजन की जांच करने तथा इएसआई औषधालय प्रकरण की जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। नगर परिषद व नगर पालिकाओं को सड़कों पर हो रहे अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर भागीरथ शाख ने विभागीय अधिकारियों को संपर्क पोर्टल की शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग करने ई-फाइल निस्तारण के संबंध में

- **चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने निर्देश दिए**

निर्देशित किया कि कोई भी ई-फाइल ज्यादा समय तक लंबित नहीं रहे साथ ही समयावधि का विशेष ध्यान रखा जाए। सीएमओ के 180 दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों का तीन दिन में निस्तारण करने के साथ ही संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों के निस्तारण के साथ ही लाईट्स पोर्टल पर न्यायिक प्रकरणों की स्थिति को अपडेट करने एवं जवाबदावा समय पर प्रस्तुत करने एवं अवमानना प्रकरणों एवं पालना से संबंधित प्रकरणों में कार्यवाही कर अपडेट करने के निर्देश दिए।

सार-समाचार

रजत पदक विजेता हुआ स्वागत

पाटन, (निसं)। नीमकाथाना जिले के निकट स्थित ग्राम पंचायत मावंडा खुर्द में रविवार को मार्शल आर्ट में पेंचिक सिलाट में रजत पदक जीतने वाले चंदन सिंह तंवर पुत्र श्रवण सिंह तंवर गोपाल गढ़ मावंडा खुर्द ने 2024में जम्मू कश्मीर के श्री नगर में शेर ए कश्मीर स्टेडियम में राष्ट्र मंडल के खेलों में पेंचीक सिलाट में अपना वर्चस्व दिखाया और रजत मेडल लेकर अपने गांव पहुंचे। गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने चंदन का जोरदार स्वागत किया गया, तथा नीमकाथाना से मावंडा खुर्द बस स्टैंड पर डीजे के साथ लाया गया जहां पर सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे। वैदिक मंत्रों द्वारा जन्म भूमि प्रवेश पूजन करवा गया, बालिकाओं द्वारा आरती की गई, ग्रामीणों ने चंदन सिंह को साफा,फूल माला,एवं नोटों की माला पहना कर स्वागत किया। विश्वकर्मा युवा संघ जयपुर की टीम सदस्य कुलदीप सिंह गुढ़ा ने बताया कि चन्दन सिंह ने अपने गांव का नाम देश में रोशन किया हैं। चंदन सिंह आगामी खेल के लिए किर्गिस्तान जायेंगे, जो जल्द ही दुनियां में भारत का नाम भी रोशन करेंगे।इस मौके पर चंदन सिंह के परिवार का भी ग्रामीणों ने साफा, फूल माला पहना कर सम्मान किया। इस अवसर पर सरपंच विनोद जाखड़, ख्यालीराम, मुकेश जाखड़ खरवास, दिनेश देशवाल, प. स.सदस्य भूपेंद्र सिंह, जोगेंद्र सिंह,सतीश खरबास,रामावतार गुर्जर, पं. सीताराम शर्मा,नेकीराम जाट श्रीराम शर्मा , राजदीप शर्मा, रितेश जोशी,राजेश बाज़ल्मिकी , भवानी गोयल , टिंकू गोयल, सूबेदार मेजर राजेंद्र सिंह , नरेन्द्र सिंह,तंवर , संजय, जीतू,सायर सिंह, अमर सैनी आदि सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

सड़क दुर्घटना मामले में पीड़ित पक्षों को 13.10 लाख रूपये पारित

तारानगर, (निसं)। तारानगर न्यायालय मोटर दुर्घटना दावाधिकरण के पीठासीन अधिकारी संतोष कुमार मीणा ने सड़क दुर्घटना मामले में कुल 13.10 लाख रूपये का आवार्ड पारित किया। पीड़ित पक्ष की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता अनिल कुमार स्वामी राजपुरा ने बताया कि 24 जुलाई 2012 शाम को मेलूसर निवासी महेश पुत्र सुरज्ञानी व सतपाल पुत्र आदुराम चूरू अस्पताल में बीमार को खाना देने के लिये गये हुये थे। रात्रि 11 बजे सी गैस गोदाम के पास पहुंचे तो राजकुमार उर्फ राजेश मेलूसर निवासी ने अपनी मोटरसाईकल को तेज गति व लापरवाही से चलाकर सतपाल की मोटरसाईकल को टक्कर मारी, जिससे महेश के गम्भीर चोटें आने की वजह से ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई। घटना की एफआईआर भालेरी पुलिस थाने मेँ दर्ज करवाई, जिस पर अनुसंधान कर मोटरसाईकल चालक राजकुमार उर्फ राजेश के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया। मृतक महेश के पिता सुरज्ञानी व माता गीता आदि की ओर से अनवानी सुरज्ञानी आदि बनाम रजनीश आदि क्लेम याचिका पेश्व की गई, जिसमें न्यायालय एम.ए. सी.टी कोर्ट तारानगर के पीठासीन अधिकारी संतोष कुमार मीणा द्वारा सामने वाली मोटरसाईकल के बीमा नहीं होने के कारण अप्रार्थीगण ड्राईवर मालिक के खिलाफ कुल 13.10 लाख रूपये का अवार्ड पारित किया।

प्रशिक्षण शिविर संपन्न

सीकर । राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ शिवसिंहपुरा द्वारा आयोजित स्काउट गाइड द्वितीय, तृतीय सोपान टोली नायक,निपुण रोवर रेंजर प्रशिक्षण शिविर का सोमवार को बनवारी लाल शर्मा वरिष्ठ स्काउटर एवं महेंद्र कुमार पारीक सचिव स्थानीय संघ सीकर के सानिध्य में सर्वधर्म प्रार्थना सभा के साथ समापन किया गया । राजेंद्र प्रसाद मील सहायक जिला कमिश्नर एवं उप प्रधान जिला परिषद स्काउट गाइड सीकर, प्रधानाचार्य डाइट सीकर के द्वारा शिविर का निरीक्षण किया गया तथा मील के कर कमलो द्वारा प्रशिक्षण शिविर के दौरान सहयोग प्रदान करने वाले ग्राम के सेवाभावी सेवक तथा प्रशिक्षण दल के सदस्यों को प्रतीक चिन्ह प्रदान करके सम्मान किया गया।इस अवसर पर किशनलाल सियाक सचिव शिवसिंहपुरा सहायक सचिव अलिताब धोबी ,मनोहर लाल ,इरशाद रामनिवास ,उर्मिला देवी ,संजू मौर्य मोहनलाल सुखाड़िया ,इमरान रोवर लीडर ,श्याम रथ ,आदिल ,मोहित चौधरी ,मोहित मील ,योगेश चौधरी महेश भींचर,मदन मोहन शर्मा ,सौरभ जांगिड़ ,मोहम्मद फरहान, विनोद कुमार पाटोदिया,सचिन कुमार मील लखन ,सुशील कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे।

पांच माह से सड़क की नहीं हुई मरम्मत

चूरू, (का.सं.)। पांच माह बीत जाने के बाद भी बारिश से क्षतिग्रस्त हुई आवासन मंडल के सड़क की मरम्मत नहीं हो पायी।मिली जानकारी के अनुसार आवासन मंडल कोलोनी में प्रवेश करने वाली मुख्य सड़क जुलाई माह की पहली बारिश के साथ ही बहकर आवासन मंडल के कार्यालय में दीवार तोड़कर चली गई। जिसके बाद आज तक ना तो सड़क की मरम्मत हो पायी और ना ही आवासन मंडल के कार्यालय की दीवार दोबारा से बन पायी। नगर परिषद ने सड़क की मरम्मत करवाने बजाय उसमें कचरा डलवाकर स्वच्छता अभियान की पोल खोल कर रख दी। सड़क क्षतिग्रस्त होने के बाद पड़े गड्ढों में कुछ समय बाद अतिक्रमण हटाओ अभियान के बाद बचे मलबे को डाला गया लेकिन उसे आज तक पूरी तरह से दुरुस्त नहीं किया गया। जिससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। यहां पर दिनभर में अनेक वाहनों का आवागमन बना रहता है। इसी के साथ बीत काफी दिनों से यहां पर नगर परिषद की ओर से संचालित कचरा उड़ाने वाले वाहनों का आना भी बंद है। यदि कभी कभार कोई आता है तो आखिर की गलियों तक तो पहुंच ही नहीं पाता। जिससे वहां के लोगों को मजबूरन बीहड़ की दीवार के पार कचरा डालना पड़ रहा है। कचरा उड़ाने वाले वाहनों के अभाव में अनेक जगह गंदगी फैली हुयी है। इसी के साथ शहर में भी अनेक स्थानों पर गंदगी नजर आती है। जहां पर साफ-सफाई का पूरी तरह से अभाव बना हुआ है।

पांच दिवसीय शिविर का आयोजन

सादुलपुर, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ में राज्य सरकार के दिशा निर्देशानुसार कक्षा 06 से 10वीं में अध्यनरत विद्यार्थियों का तीन व पांच दिवसीय समाज उपयोगी उत्पादक कार्य शिविर का आयोजन किया गया। सोमवार दोपहर दो बजे मिली जानकारी में शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी भामाशाह मंगतूराम मोहता, नोडल प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह पूनिया व उपप्राचार्य राजवीर सुड्डा ने किया। वहीं विद्यार्थियों को कक्षा व दल के अनुसार विभक्त कर प्रभारियों के निर्देशन में कार्यों का विभाजन किया गया। छात्रा दल प्रभारी सुनहरी देवी, वीणा पूनिया व रजनी शर्मा ने विद्यार्थियों को स्वावलंब व स्वरोजगार से जुडे विभिन्न कार्यकलापो कढाई, बुनाई, खाना बनाना, चित्रकार, बढईगिरी, हस्तकलाएं, मास्क व रंगोली बनाना इत्यादि की जानकारी के साथ इन क्षेत्रों में रोजगार की संभावनाओं से अवगत करवाया। वरिष्ठ अध्यापक गुरुदयाल सिंह ने गांधी जी के विचारों से अवगत कराया। सगीर अहमद व राजकुमार ने सामुदायिक सेवा का महत्व एवं उनसे जुडे कार्यकलापों की विभिन्न गतिविधियां करवाई। विद्यार्थियों के दल ने सुभाष पूनिया व सज्जन सिंह के निर्देशन में विद्यालय परिसर में स्वच्छता का कार्य किया। प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह पूनिया ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक सामुदायिक सेवा तथा इसी प्रकार के अन्य सामाजिक सरोकारों से जुडने हेतु प्रेरित करने के साथ-साथ उन्हें शिविर में सीखी गई बातों का सामाजिक व दैनिक व्यवहारिक जीवन में उपयोग करने का आ ान किया। इस मौके पर उपप्राचार्य राजवीर सुड्डा, सुरेंद्र सैनी, मनोज कुमार, फतेह मोहम्मद, राजेश सैन, आरिफ अली, राजपाल व सिंह सहित स्टाफ सदस्य व शिविर संभागी विद्यार्थी उपस्थित रहे।